CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

◘ वर्ष- 29 ◘ अंक- 65 ◘ रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से 20 जहाजों को गुजरने की दी अनुमतिः ट्रंप

नई दिल्ली, 30 मार्च (न्यूज चैनल)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान ने सोमवार सुबह से अगले कुछ दिन तक होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल के 20 जहाजों को गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है। ट्रंप ने रविवार रात एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से कहा, मैं बस इतना कहूंगा कि बातचीत में काफी प्रगति हुई है लेकिन ईरान के मामले में कभी भी पूरी तरह भरोसा नहीं किया जा सकता। हम उनसे बातचीत करते हैं और फिर हालात ऐसे मोड़ ले लेते हैं कि हमें उन्हें ताकत से जवाब देना पड़ता है। ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या ईरान ने अमेरिका की ओर से प्रस्तावित 15-सूत्रीय संघर्षविराम योजना पर प्रतिक्रिया दी है, तो उन्होंने कहा, हां, जवाब मिला है। उन्होंने अधिकांश बिंदुओं पर सहमति जताई है। वे आखिर ऐसा क्यों नहीं करेंगे? ट्रंप ने कहा, वे हमारी योजना पर सहमत हो रहे हैं। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई शायद जीवित हैं, लेकिन स्पष्ट है कि वह संकट में हैं। वह बुरी तरह घायल हैं।

भाजपा सांसद के बयान पर भड़के नवीन पटनायक, कहा- उन्हें मनोचिकित्सक को दिखाने की जरूरत

नई दिल्ली, 30 मार्च (न्यूज चैनल)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा बीजू पटनायक को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद बढ़ता जा रहा है। अब बीजू पटनायक के बेटे और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने भाजपा सांसद के बयान पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और बयान की कड़ी निंदा की। बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि शायद टिप्पणी करने वाले सांसद को यह जानकारी नहीं है कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने चीन के साथ संघर्ष के दौरान बीजू पटनायक को रणनीति बनाने में मदद के लिए दिल्ली में अपने कार्यालय के पास ही एक दफ्तर दिया था, जबकि वह ओडिशा के मुख्यमंत्री थे। भुवनेश्वर में मीडिया से बात करते हुए नवीन पटनायक ने कहा, बीजू बाबू के बारे में जो अपमानजनक बातें की गईं, उन्हें सुनकर मैं हैरान हूं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें ये पता है कि चीन के साथ लड़ाई के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने बीजू पटनायक को रणनीति बनाने में मदद करने के लिए दिल्ली में अपने कार्यालय के पास ही एक दफ्तर दिया था, जबकि वे उस समय ओडिशा के मुख्यमंत्री थे।

नागपुर एयरपोर्ट जाते समय कांग्रेस सांसद प्रशांत पड़ोले की कार का एक्सीडेंट

नई दिल्ली, 30 मार्च (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र के भंडारा-गोंदिया से कांग्रेस सांसद प्रशांत पड़ोले के लिए आज की सुबह काफी चुनौतीपूर्ण रही। सोमवार की सुबह जब वे नागपुर एयरपोर्ट की तरफ बढ़ रहे थे, तभी रास्ते में उनकी कार एक भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई। गनीमत रही कि एक बड़े ट्रक की टक्कर के बाद भी सांसद और उनके साथ मौजूद लोग सुरक्षित बच गए, हालांकि उन्हें और उनके ड्राइवर को चोटें आई हैं। आमतौर पर ऐसे हादसों के बाद लोग अस्पताल या घर का रुख करते हैं, लेकिन सांसद पड़ोले ने अपने संसदीय दायित्वों को सर्वोपरि रखा। उनके पैर में चोट लगी थी और शरीर में दर्द था, फिर भी उन्होंने अपना दिल्ली जाने का इरादा नहीं बदला। प्राथमिक उपचार के बाद वे सीधे नागपुर एयरपोर्ट पहुंचे और चल रहे संसद सत्र में शामिल होने के लिए उड़ान भरी। उनके इस जज्बे की अब हर तरफ चर्चा हो रही है। यह घटना नागपुर-भंडारा मार्ग पर उस समय हुई जब सांसद अपने निवास से निकलकर जरूरी काम के लिए दिल्ली जा रहे थे। रास्ते में एक बेकाबू ट्रक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार को काफी नुकसान पहुंचा। इस भिड़ंत में सांसद के पैर में चोट आई, जबकि उनके ड्राइवर को भी काफी चोटें लगीं हैं।

बिरादरी की बातें

चूहा- छग हाईकोर्ट ने कहा है कि मर्जी से बनाए गए फिजिकल रिलेशन रेप नहीं होता।

चुहिया- हां जी, वो तो बाद में `बेमर्जी' हो जाता है..!

बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट से रात्रि उड़ान सेवा का शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भरी पहली नाइट फ्लाइट

रायपुर, 30 मार्च (हाईवे चैनल)। बिलासपुर के बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट से आज रात्रि उड़ान सेवा की ऐतिहासिक शुरुआत हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नाइट ऑपरेशन्स का लोकार्पण किया और इसी दौरान स्वयं रात में पहली उड़ान से रायपुर के लिए रवाना हुए। विधायक धर्मजीत सिंह भी मुख्यमंत्री जी के साथ रात्रिकालीन उड़ान में रायपुर गए। उल्लेखनीय है कि एयरपोर्ट को 3सी वीएफआर से उन्नत कर 3सी आईएफआर श्रेणी में विकसित करने का कार्य लगभग 31 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण किया गया। इस उन्नयन के बाद डीजीसीए के द्वारा 6 फरवरी 2026 को एयरपोर्ट को 3सी आईएफआर श्रेणी में

रात्रिकालीन संचालन की अनुमति प्रदान की गई, जिससे अब यहां रात में भी उड़ानों का संचालन संभव हो सका है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रात्रि उड़ान सेवा शुरू होने से अब निर्धारित उड़ानों के साथ-साथ आपातकालीन एवं मेडिकल फ्लाइट्स भी रात में संचालित हो सकेंगी, जिससे जीवनरक्षक सेवाएं और अधिक प्रभावी होंगी। बेहतर हवाई संपर्क से व्यापार, पर्यटन और निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से इस नई सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने की अपील करते हुए सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित और सुखद यात्रा की कामना की। समारोह को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और विधायक धरमलाल कौशिक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, संभाग आयुक्त सुनील जैन, आईजी राम गोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी रजनीश सिंह, एयरपोर्ट के डायरेक्टर एन वीरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

नक्सली मोर्चे को बड़ा झटका

डेडलाइन खत्म होने से पहले स्टेट कमेटी सदस्य सोमन्ना ने किया सरेंडर

नई दिल्ली, 30 मार्च (न्यूज चैनल)। छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश से बड़ी खबर सामने आई है। नक्सल विरोधी अभियान के बीच माओवादी संगठन की माओवादी मोर्चे में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, डेडलाइन खत्म होने से ठीक एक दिन पहले कुख्यात माओवादी चेल्लुरु नारायण राव उर्फ सोमन्ना ने विजयवाड़ा में आत्मसमर्पण कर दिया है। सोमन्ना माओवादी स्टेट कमेटी सदस्य है।

बताया जा रहा है कि सोमन्ना एओबी (आंध्र-ओडिशा बॉर्डर) राज्य समिति का प्रमुख सदस्य था। इसके साथ ही वह केंद्रीय क्षेत्रीय समिति (सीआरसी) की तीसरी कंपनी का कमांडर भी रहा है। शीर्ष माओवादी लीडर गजरला रवि और अरुणा की मौत के बाद इस क्षेत्र में माओवादी संगठन को बागडोरसोमन्ना के पास ही थी। बता दें कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस डेडलाइन से ठीक पहले सोमन्ना जैसे उच्च पदाधिकारी का आत्मसमर्पण सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

नगर निगम की सामान्य सभा में भारी हंगामा, कांग्रेस पार्षदों ने घेरा; पूछा- 2025 के वादों का क्या हुआ?

रायपुर, 30 मार्च (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के नगर निगम में आज सामान्य सभा की बैठक शुरू होते ही सियासी पारा चढ़ गया है। बैठक की शुरुआत के साथ ही विपक्षी दल कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हाथों में तख्तियां लेकर कांग्रेस पार्षदों और विधायकों ने सत्ता पक्ष को पुराने वादों पर जमकर घेरा।

कांग्रेस पार्षदों ने हाथों में पोस्टर और तख्तियां ले रखी थीं, जिनमें लिखा था 2025 का वादा क्या हुआ? विपक्ष का आरोप है कि निगम प्रशासन अपने पुराने संकल्पों को पूरा करने में विफल रहा है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने निगम के भीतर और बाहर नारेबाजी की। बैठक शुरू होते ही हुए इस विरोध प्रदर्शन के कारण निगम की कार्यवाही बाधित रही। सत्ता पक्ष की ओर से जवाब देने की कोशिश की गई, लेकिन शोर-शराबे के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विपक्ष ने कहा कि जब तक जनता से किए गए वादों पर ठोस जवाब नहीं मिलता, उनका विरोध जारी रहेगा।

अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 1 अप्रैल तक

रायपुर, 30 मार्च (हाईवे चैनल)। भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती के लिए आधिकारिक वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन मंगाए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया में 17 वर्ष 6 माह से 21 वर्ष तक आयु वर्ग के वे युवा आवेदन करने के पात्र हैं, जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास से लेकर स्नातक अथवा डिप्लोमा उत्तीर्ण है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार जिले के युवाओं को आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने के लिए ब्लॉक स्तर पर व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी रोजगार कार्यालय, नगरीय निकाय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, शासकीय महाविद्यालय, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायतों में जाकर ऑनलाइन आवेदन से संबंधित जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर आवेदक रोजगार कार्यालय रायपुर में सेना भर्ती हेतु स्थापित हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

एसएलआरएम केंद्र में लगी भीषण आग, सूचना मिलने के बावजूद भी फायर ब्रिगेड की सुस्ती पर उठे सवाल

कवर्धा, 30 मार्च (हाईवे चैनल)। कवर्धा के कैलाश नगर वार्ड क्रमांक 3 स्थित एसएलआरएम (अपशिष्ट प्रबंधन) केंद्र में बीती रात भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सरोवर तालाब के पास स्थित इस केंद्र में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और सुबह तक उस पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। हैरानी की बात यह रही कि मौके पर फायर ब्रिगेड की केवल एक ही गाड़ी पहुंची, जबकि विभाग के पास अन्य वाहन भी उपलब्ध बताए जा रहे हैं। स्थानीय कर्मचारियों ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल किया, जिसमें आग की लपटें लगातार उठती दिखाई दे रही हैं। वार्डवासियों के अनुसार, देर रात अचानक एसएलआरएम केंद्र में आग लगी, जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। रात में ही सूचना देने के बावजूद राहत कार्य में सुस्ती रही, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन केंद्र में रखा कचरा पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है।

लश्कर आतंकी शब्बीर अहमद गिरफ्तार: आईएसआई के इशारे पर बनाया था मॉड्यूल, कई जगह लगाए थे भारत विरोधी पोस्टर

नई दिल्ली, 30 मार्च (न्यूज चैनल)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दिल्ली बॉर्डर पर एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लोन पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के निर्देश पर भारत में लश्कर-ए-तैयबा के एक नए मॉड्यूल को सक्रिय करने की कोशिश कर रहा था। लोन का नाम तब सामना आया था जब फरवरी में दिल्ली पुलिस ने लश्कर के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली पुलिस और सुरक्षा बलों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाकर उसे

दिल्ली बॉर्डर से गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है ताकि उसके नेटवर्क, साथियों और भारत में उसकी गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा सके। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आईएसआई के इशारे पर भारत विरोधी गतिविधियों में लगा हुआ था।

सब्बीर अहमद लोन को गाजीपुर क्षेत्र से बीती रात गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से 5000 पाकिस्तानी रुपये, 2300 बांग्लादेशी रुपये और 1400 नेपाली रुपये बरामद किए गए हैं। यह इससे पहले 2007 में भी एके 47 के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है। इसकी आतंकी की ट्रेनिंग पाकिस्तान में हुई है। 2015 में यह बंग्लादेश में रहने चला गया। वहां से आतंकी सिंडिकेट खड़ा किया। इसके गिरोह के आठ लोगों की स्पेशल सेल ने हाल में गिरफ्तार किया था। हाल के दिनों में दिल्ली और दक्षिण भारत से लश्कर-ए-तैयबा के मॉड्यूल का भी भंडाफोड़ किया गया था। इन्होंने दिल्ली और कोलकाता जैसे शहरों में भारत विरोधी पोस्टर लगाकर माहौल खराब करने की कोशिश की थी। दिल्ली में कश्मीरी गेट बस अड्डा और मेट्रो स्टेशन के पास भारत विरोधी कई पोस्टर लगाए गए थे। कहा जा रहा है कि इस मॉड्यूल को बांग्लादेश से शब्बीर अहमद लोन हैंडल कर रहा था।

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन आज से शुरू, उम्मीदवारों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी

नई दिल्ली, 30 मार्च (न्यूज चैनल)। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया आज यानी सोमवार से शुरू हो गई है। चुनाव के इस महत्वपूर्ण चरण को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए चुनाव अधिकारियों ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि नामांकन दाखिल करने आने वाले उम्मीदवारों को सभी नियमों का सख्ती से पालन करना होगा। एक उम्मीदवार के साथ अधिकतम तीन वाहन ही आ सकते हैं। इन वाहनों को चुनाव अधिकारी (रिटर्निंग

ऑफिसर) के दफ्तर से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर खड़ा करना होगा। इसके अलावा, दफ्तर के अंदर केवल उम्मीदवार और उनके साथ आने वाले अधिकतम तीन लोगों को ही जाने की अनुमति मिलेगी। नामांकन के लिए कुल आठ दिन का समय तय किया गया है। हालांकि, बीच में सार्वजनिक छुट्टियां होने की वजह से उम्मीदवारों को फॉर्म जमा करने के लिए केवल चार कार्य दिवस ही मिलेंगे। इसलिए प्रशासन ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे आखिरी समय की परेशानियों से बचने के लिए समय रहते अपनी तैयारी पूरी कर लें। चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों की सुविधा के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन फॉर्म भरने का विकल्प भी दिया है। लेकिन अधिकारियों ने यह साफ कर दिया है कि ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद भी उम्मीदवार को उसकी भौतिक प्रतियां खुद जाकर चुनाव अधिकारी को सौंपनी होंगी। यह काम तय समय सीमा के भीतर ही करना होगा।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय का अहम फैसला

सास-ससुर के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी बहू की नहीं

नई दिल्ली, 30 मार्च (न्यूज चैनल)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 144 के तहत एक बहू अपने सास-ससुर को गुजारा भत्ता देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं है। न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह ने कहा कि गुजारा भत्ते के दावे का अधिकार एक सांविधिक अधिकार है जो इस धारा में उल्लिखित व्यक्तियों के वर्गों तक ही सीमित है और सास-ससुर इस प्रावधान के दायरे में नहीं आते। अदालत ने कहा कि हालांकि यह एक नैतिक दायित्व प्रतीत हो सकता है, लेकिन इसे

एक कानूनी अनिवार्यता की अनुपस्थिति में एक कानूनी दायित्व के तौर पर लागू नहीं किया जा सकता। बुजुर्ग दंपति राकेश कुमार और उनकी पत्नी द्वारा अपनी बहू के खिलाफ दायर पुनरीक्षण याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने चार फरवरी को दिए निर्णय में कहा, ''विधायिका ने अपने विवेक से सास-ससुर को उक्त प्रावधान के दायरे में शामिल नहीं किया है।

बुजुर्ग दंपति ने आगरा की परिवार अदालत के प्रधान न्यायाधीश द्वारा अगस्त, 2025 में पारित आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। निचली अदालत ने भी गुजारा भत्ता की मांग वाले उनके आवेदन को खारिज कर दिया था। बुजुर्ग दंपति की दलील थी कि वे बूढ़े, अनपढ़, दरिद्र और पूरे जीवन अपने मृतक बेटे पर पूरी तरह से निर्भर थे। उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात उनकी बहू की पर्याप्त आय है और उसने उनके मृतक बेटे के सेवानिवृत्त के लाभ भी प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि बूढ़े सास-ससुर का भरण-पोषण करना उनकी बहू का नैतिक दायित्व है और इसे कानूनी दायित्व के तौर पर माना जाना चाहिए। हालांकि, अदालत ने इस आधार पर यह दलील खारिज कर दी कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे संकेत मिलता हो कि बहू की पुलिस में नौकरी अनुकंपा के आधार पर लगी है।

विधान परिषद नहीं पहुंचे नीतीश कुमार, एमएलसी पद से इस्तीफा भिजवाया; नितिन नबीन का भी इस्तीफा

नई दिल्ली, 30 मार्च (न्यूज चैनल)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा लेकर मंत्री विजय चौधरी और एमएलसी संजय गांधी विधान परिषद् जाकर पहुंचे थे। नीतीश कुमार का त्यागपत्र महज 29 शब्दों में लिखा था। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने इस्तीफा स्वीकार करने की जानकारी दी। उनके साथ जदयू के कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे। संवैधानिक नियमों के अनुसार, एक शख्स 14 दिन तक ही दो सदनों का सदस्य रह सकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 16 मार्च को राज्यसभा सदस्य के तौर पर निर्वाचित हुए थे। इसलिए 30 मार्च यानी आज उन्हें एक सदन से इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि, नीतीश कुमार फिलहाल बिहार के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। यह पद वह कब छोड़ेंगे इस पर अब तक प्रतिक्रिया नहीं आई है। इधर, भारतीय जनता पार्टी के

राष्ट्रीय अध्यक्ष और बांकीपुर विधानसभा से विधायक नितिन नवीन भी इस्तीफा देने की घोषणा कर दिया है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी को अपना इस्तीफा रविवार सुबह ही सौंप दिया था। आज इसकी जानकारी दी गई है। अब संजय सरावगी नितिन नवीन का इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष जाकर दे दिया। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के माध्यम से बांकीपुर विधानसभा के सदस्य नितिन नवीन का इस्तीफा मिला है।

CMYK